एक नजर में

वरिष्ठ अभिभाषक पीके शुक्ला का निधन

इंदौर. उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय के वरिष्ठ अभिभाषक तथा जायंट इंटरनेशनल फेडरेशन-7 के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पद्माकर शुक्ला (पी.के. शुक्ला) का आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन से विधि जगत में शोक की लहर फैल गई है. स्व. शुक्ला लंबे समय तक न्यायिक क्षेत्र में सक्रिय रहे और अपनी सादगी, विद्वता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए विशेष पहचान रखते थे. वे अधिवक्ता समुदाय के बीच अत्यंत सम्मानित माने जाते थे. उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 9.30 बजे उनके निवास स्थान एएच-5, सुखलिया, बापट चौराहा से निकलेगी, जो सयाजी मुक्तिधाम पहुंचेगी, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा. शोकाकुल : पत्नी श्रीमती मंजुला शुक्ला , अपूर्वा शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, अपर्णा शुक्ला, श्रीमती सोनाली शुक्ला सहित समस्त शुक्ला परिवार एवं अधिवक्ता समुदाय.

सेवा सुरभि की बैठक में सांसद देंगे प्रेंजेटेशन

इंदौर. देश की आर्थिक समृद्धि में इंदौर के योगदान को लेकर सांसद शंकर लालवानी ने एक अभिनव संकल्प लिया है. वे वर्ष 2030 तक इंदौर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को दोगुना करने के लिए एक वृहद योजना पर काम कर रहे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने एक ब्लू प्रिंट तैयार किया है और इसे वे शहर के प्रबुद्ध एवं सुधीजनों के समक्ष एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखकर उनके सुझाव जानना चाहते हैं. संस्था सेवा सुरभि ने सांसद लालवानी के इस रचनात्मक प्रयास में सहयोग देने के उद्देश्य से 19 जुलाई को सांय 4.30 बजे से आरएनटी मार्ग स्थित होटल प्रेसीडेंट के छठी मंजिल स्थित एक्जीक्यूटिव हॉल में शहर के गणमान्य और विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है, ताकि इस मौके पर उनके विचार एवं सुझाव जानकर सांसद द्वारा तैयार प्रेंजेटेशन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके. संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, कुमार सिद्धार्थ एवं अतुल शेठ ने बताया कि संभवत: सांसद लालवानी देश के उन चुनिंदा सांसदों में से एक हैं, जिन्होंने अपने स्तर पर अपने संसदीय क्षेत्र की जीडीपी को दोगुना करने जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर इतनी गंभीरता से काम शुरू किया है. निश्चित ही यह किसी जन प्रतिनिधि की ओर से संसदीय क्षेत्र के विकास की दिशा में की गई एक अनूठी और सार्थक पहल होगी.

यादव समाज ने किया कावड़ यात्रा का स्वागत

महू. यादव समाज द्वारा कावड़ यात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामायण मंडल रामायण की कावड़ यात्रा संयोजक मनोज सिंह ठाकुर का स्वागत स्थानीय ड्रीमलैंड चौराहे पर युवा यादव महासभा के प्रदेश महामंत्री मोंटू यादव के नेतृत्व में किया. इस मौके पर सम्माजन द्वारा सम्मान स्वरूप मनोज सिंह ठाकुर को मोमेंटो तस्वीर भेंट की. मोंटू यादव ने बताया कि यात्रा में आस्था और विश्वास के प्रतीक बोल बम और भोले शंभू भोले नाथ के उद्घोष के साथ हजारों की तादाद में युवा वरिष्ठ महिलाएं कावड़ लेकर चल रही थी. जहां यादव समाज ने सभी कावड़ यात्रियों का पुष्प बरसा के स्वागत किया. इस अवसर पर मंगल यादव, प्रकाश यादव, प्रभात यादव, सुशील यादव, राजेश लालू यादव, निहार यादव, अनुज यादव, प्रदीप पाल, बबला यादव, किशोरी लाल आदि मौजूद थे। सभी का आभार मोंटू यादव ने माना.

संगीत निशा का आयोजन

महू. सारा म्यूजिकल ग्रुप की पहली वर्षगांठ पर मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर के सभा गृह में संगीत निशा का भव्य आयोजन किया गया. जोरदार बारिशके बावजूद प्रोग्राम मे हाल शुरू से लेकर देर रात सुनने वालो से भरा रहा ग्रुप की डायरेक्टर चंदा कुण्डलवाल ने बताया कि ग्रुप ने साल भर में संगीत के नो प्रोग्राम इंदौर में आयोजित किए गए, जिसमें शहर की संगीत प्रेमी जनता को मोहम्मद रफी लता मंगेशकर किशोर दा मन्ना डे आदि के गाने सुनने का मौका मिला. इस वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर राजकुमार अग्रवाल, विशेष अतिथि सुभाष पटवा विशेष अतिथि टोरोट क्वीन भावना दुबे एवं विशिष्ट अतिथि शिव प्रकाश रियार थे. अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के निर्देशक सुनील सोलंकी सहसंयोजक श्री नारायण शिरसाट आदि ने किया. कार्यक्रम में शहर के नामी सिंगर हरि दर्शन सिँह, चंदा कुंडलवाल, मनीष भोजने, मनोज अग्रवाल, योगेश पहारे, सुरेश वाधवानी, कमलेश गुप्ता, जगदीश वर्मा, दीपक सरमण्डल, एचआर डोडीयार, अर्जुन सिँह सिसौदिया, प्रदीप जैन, सुनील सोलंकी, नारायण सिरसाट, संजय कापसे, सुरेश वैध, आशीष साधु. सुनील कौशल, शिखा कश्यप, साक्षी खर्चे, हिमांगी तिवारी, ज्योति सोनी, मयूरी गुप्ता आदि ने कार्यक्रम का शमा बांध रखा. कार्यक्रम की सूत्रधार श्रीमती कामना जैन थी.

चक्की वाले महादेव पर जलाभिषेक

महू. जय भोले धार्मिक सेवा मण्डल (कावड संघ) महू के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 32वी कावड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 24 जुलाई को रात्रि 10 बजे कावड यात्रियों का जत्था चक्की वाले महादेव मन्दिर से खेड़ी घाट के लिये प्रस्थान करेगा. 25 जुलाई शुक्रवार को खेड़ी घाट से प्रारम्भ होगी, जो विंध्याचल की पर्वत मालाओं से होते हुए 27 जुलाई रविवार को महू नगर में आगमन होगा. 28 जुलाई सोमवार को सुबह चल समारोह में होते हुए श्री चक्की वाले महादेव का महाजलाभिषेक करेंगे। यह जानकारी महासचिव अनिल नरवल एवं सचिव चिराग़ अग्रवाल के द्वारा दी गई.

मां रेवा मानव कल्याण समिति की वार्षिक सभा

महू. सरदार पटेल ने कहा था.. शेर का कलेजा रखो सच बोलने की हिम्मत रखो, अन्याय के खिलाफ सदा लड़ते रहो घर की बात घर में रखो.. इसी ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए इंदौर जिले के पाटीदार समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा इंदौर जिले में 7 वर्ष पूर्व माँ रेवा मानव कल्याण समिति (रजि.) का गठन किया गया. जिसकी उप समितियां प्रत्येक पाटीदार बहुल गांव में गठित की गई, जो पाटीदार समाज के परिवारों के आपसी विवाद, विवाह विच्छेद जैसे मामलों में कोर्ट कचहरी और पुलिस कार्यवाही से बचाती है. इंदौर जिला पाटीदार समाज के गणेश पाटीदार कंप्यूटर ने बताया कि माँ रेवा मानव कल्याण समिति की वार्षिक सभा का आयोजन माँ अंबिका पाटीदार समाज परिसर गवली पलासिया में किया गया. समिति अध्यक्ष अनिल कुमार आर्य ने बताया कि पिछले 7 वर्षों में समिति द्वारा पाटीदार समाज के 45 परिवारों के आपसी विवाद तथा विवाह विच्छेद के प्रकरणों में समिति द्वारा आपसी सामंजस्य कराकर विवादों का निपटारा करवाया गया. कई परिवारों को टूटने से कोर्ट कचहरी की लंबी कार्यवाहियों से बचाया वर्तमान में 15 प्रकरण विभिन्न ग्रामीण समितियो में विचाराधीन है. संस्था के कार्यों की जानकारी सचिव पूनमचंद लिंबोदिया पाटीदार ने दी. समिति का आयव्यय का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष के कैलाश कोटवाल ने दिया. उत्कृष्ट कार्य के लिए गवली पलासिया समिति संयोजक सदाशिव पटेल तथा जामली समिति संयोजक जगदीश पाटिल का सम्मान किया गया. इस अवसर पर बलराम सेठ पाटीदार, कमलेश बिंदु पाटीदार, मांगीलाल भीमा, पुरुषोत्तम सुले, मनोहर पाटीदार पाटीदार, प्रेमा सुनील पाटीदार अतिथि के रूप में तथा सैकडौ सदस्यगण उपस्थित रहे. संचालन कैलाश चंद्र कोटवाल ने किया. स्वागत सचिव तथा सह सचिव ने किया. आभार जगदीश पाटिल ने माना.

नशे के खिलाफ इंदौर में बजा बिगुल

पुलिस कमिश्नर ने किया राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का आगाज, हजारों लोगों ने ली नशामुक्ति की शपथ

नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रदेश में नशे के बढ़ते प्रचलन पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को नशे से दूरी है ज़रूरी जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का इंदौर में विधिवत शुभारंभ पुलिस कमिश्नर ने अवेयरनेस बैज लगाकर और जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया.

इस दौरान शहर के करीब 2,545 नागरिकों जिनमें छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता, ट्रैफिक मित्र और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल थे ने नशे से दूर रहने की शपथ ली.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह अभियान विशेषकर किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है. उन्होंने अपील की कि लोग स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, क्योंकि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है. इंदौर पुलिस 15 से 30 जुलाई के बीच इस अभियान के तहत शहरभर में रचनात्मक और जनसंपर्क आधारित गतिविधियाँ आयोजित करेगी. इनमें नुक्कड़ नाटक, रचनात्मक प्रतियोगिताएं, पंपलेट, पोस्टर, बैनर वितरण, शॉर्ट फिल्म, वीडियो स्क्रीनिंग, सोशल मीडिया प्रचार और जनसंवाद शामिल हैं. इस अवसर पर विशेष रूप से तैयार सेल्फी प्वाइंट का भी लोकापर्ण किया और जागरूकता पंपलेट्स विभिन्न स्थानों पर चस्पा किए गए.

रैली के माध्यम से दिया नशामुक्ति का संदेश

जनजागरूकता रैली पुलिस आयुक्त कार्यालय, पलासिया से शुरू होकर गिटार तिराहा, पलासिया चौराहा, घंटाघर और अन्य मुख्य मार्गों से गुजरते हुए 56 दुकान पर संपन्न हुई. रैली में शामिल प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज की अपील करते हुए जागरूकता संदेश लिखी तख्तियों और बैनरों के साथ शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया.

नाबालिग चोर गिरोह ने शहर में मचाया उत्पात

इंदौर. शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की वारदातों के पीछे नाबालिगों की खतरनाक गैंग का खुलासा हुआ है. लसूड़िया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिगों सहित गिरोह के कुछ और सदस्यों को पकड़ा है, जिनके पास से 15 बाइक जब्त की गई हैं. पूछताछ में इन्होंने 50 से अधिक गाड़ियां चुराने की बात कबूली है.

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह और एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही थीं कि शहर में रोजाना औसतन दस वाहन चोरी हो रहे हैं, विशेषकर विजय नगर, लसूड़िया और एमआईजी थाना क्षेत्रों से. मामला गंभीर देख लसूड़िया टीआई तारेश सोनी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए. सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान की, एक नाबालिग साफ नजर आया. मांगलिया क्षेत्र से तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया, जिन्होंने वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया. इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पकड़ लिया. गैंग से चोरी की गाड़ियां खरीदने और उन्हें काटकर बेचने वाले एबी रोड स्थित पायल ऑटो गैरेज के संचालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वह गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर मिटाकर उन्हें कबाड़ की तरह ठिकाने लगाता था. कुछ दोपहिया वाहन गांवों में नाममात्र दाम पर बेच दिए गए हैं.

गाड़ियों की चोरियों का लगाया अर्धशतक

पंद्रह बाइक जब्त, शौक पूरे करने के लिए करते थे वारदात गाड़ियां काटने वाला भी बंदी

गिरोह का नेतृत्व कर रहा मुख्य आरोपी भी नाबालिग है. जानकारी सामने आई है कि उसके पिता हाल ही में जिलाबदर किए गए थे. आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे सिर्फ शौक और मौज-मस्ती के लिए चोरी करते थे. मामले में थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि अभी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और बाकी की तलाश जारी है. अब तक मिली गाड़ियों की संख्या कम है, लेकिन छानबीन के बाद और बरामदगी की उम्मीद है.

285 युवाओं ने ली नशा छोड़ने की शपथ

इंदौर. नशे से दूरी है जरूरी इस संदेश को लेकर मंगलवार शहर की सड़कों पर 285 युवाओं का हुजूम निकला. नारकोटिक्स विंग, मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत चिमनबाग मैदान से पुलिस लाइन चौराहे, नावेल्टी मार्केट और नगर निगम चौराहा होते हुए एक विशाल रैली निकाली गई. इसमें सेना और पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहे युवा शामिल हुए.

अभियान का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स केपी वेंकटेश्वर राव और पुलिस उप महानिरीक्षक नारकोटिक्स महेशचंद जैन के मार्गदर्शन में हुआ. इस आयोजन में ओपी जायसवाल फिजिकल नि:शुल्क ट्रेनिंग सेंटर और योग मित्र दीपक शर्मा का विशेष सहयोग रहा. कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक संतोष हाड़ा, प्रीति तिवारी, निरीक्षक राधा जामोद, उप निरीक्षक अजय शर्मा, मुकेश चौहान और सुरेश हिरवे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

नशे से दूर रहने का दिया संदेश, स्कूली बच्चों ने निकाली रैली,पुलिस ने बताई हेल्पलाइन

इंदौर. शहर में नशा मुक्ति को लेकर इंदौर पुलिस द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत मंगलवार को गुजराती स्कूल, नसिया रोड से एक जागरूकता रैली निकाली गई.

इस रैली में विद्यार्थियों ने तख्तियां और नारों के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया. रैली में सहायक पुलिस आयुक्त तुषार सिंह एवं थाना प्रभारी छोटी ग्वालटोली संजू कांबले की निगरानी में संपन्न हुई. गुजराती स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नारों व संदेशों के जरिए लोगों को नशे से बचने और स्वच्छ, स्वस्थ समाज के निर्माण की अपील की. रैली ने थाना छोटी ग्वालटोली क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को भी इस मुहिम से जोड़ा.

साइबर क्राइम से बचना है तो डिजिटल जीवन में भी रखें सतर्कता

सीनियर सिटीजन ने साइबर पाठशाला में सीखे ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके

इंदौर. जिस तरह हम योग, संयमित आहार और अनुशासित जीवनशैली से अपने शरीर की देखभाल करते हैं, उसी प्रकार डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए भी सजग और सतर्क रहना जरूरी है. इसी संदेश के साथ इंदौर पुलिस द्वारा हरिओम योग केंद्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष साइबर अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया.

पुलिस कमिश्नर नगरीय इंदौर के निर्देशन में चल रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत यह कार्यक्रम एनी बेसेंट स्कूल के सभागार में आयोजित किया. इसमें अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया और उनकी टीम ने उपस्थित करीब 150 सीनियर सिटीजन को साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक तरीके बताए.

कार्यशाला में बताया गया कि किस प्रकार डिजिटल फ्रॉड, बैंकिंग ठगी, सोशल मीडिया पर हो रहे अपराध, साइबर स्टॉकिंग, सेक्सटॉर्शन जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं और इनसे सतर्कता ही एकमात्र उपाय है. उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल और इंदौर पुलिस की स्थानीय हेल्पलाइन 7049124445 की जानकारी देते हुए शिकायत प्रक्रिया भी समझाई.

एडीसीपी दंडोतिया ने कहा कि जैसे आप अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संयम और अभ्यास करते हैं, वैसे ही डिजिटल दुनिया में लालच, डर और लापरवाही से बचना भी जरूरी है.

किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल सावधान

सतर्कता ही साइबर क्राइम से सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल है. उन्होंने उपस्थित सभी सीनियर सिटीजन से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंकिंग या निजी जानकारी न दें, किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल से सावधान रहें और साइबर अपराध की शिकायत में देर न करें.

अपराध की राह छोड़ो जिम्मेदार नागरिक बनो

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अपराधियों को मुख्यधारा में लाने के लिए पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है. कमिश्नर के निर्देशन में 'गुंडों की पाठशाला' नाम से अभियान की शुरुआत की है. इसके तहत थानों में लिस्टेड गुंडों को रोज तलब किया जाएगा और उनके परिजनों की मौजूदगी में उन्हें अपराध से दूरी बनाने की समझाइश दी जाएगी.

थानों में शुरू हुई 'गुंडों की पाठशाला'

परिजनों की मौजूदगी में दी जा रही समझाइश

इस अभियान का मकसद है कि जो लोग अपराध की तरफ मुड़ चुके हैं, उन्हें दोबारा समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में पहली 'गुंडों की पाठशाला' लगाई गई. सहायक पुलिस आयुक्त हिमानी मिश्रा की मौजूदगी में हुई इस कक्षा में करीब 16 गुंडे और उनके माता-पिता, पत्नी व अन्य परिजन मौजूद रहे. थाना परिसर में बैठाकर इन लोगों से न सिर्फ संवाद किया गया, बल्कि उन्हें अपराध के दुष्परिणाम भी समझाए गए. परिजनों के समक्ष जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ भी दिलाई गई. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अगर अब भी किसी ने अपराध का रास्ता नहीं छोड़ा, तो सख्त कानूनी कार्रवाई से पीछे नहीं हटा जाएगा.

पौधे भेंट करने पहुंचे कांग्रेसी, पुलिस ने रोका

एसीपी को देकर हुए रवाना

इंदौर. पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय को पौधे भेंट करने की पहल की। यह पौधे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वयं खरीदे गए थे और इंदिरा वन उपवन योजना के नाम पर प्रतीकात्मक रूप से भेंट किए जा रहे थे. कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने बताया कि यह पहल भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय की 51 लाख पौधे लगाने की घोषणा के समर्थन में की गई. उन्होंने कहा कि विजयवर्गीय द्वारा पूर्व में कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन आकर रेवती रेंज में पौधारोपण के लिए आमंत्रण भी दिया गया था. कांग्रेस ने सहयोग की भावना से यह पौधे भेंट करने का निर्णय लिया. हालांकि जब कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता जीपीओ चौराहे से भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े, तो उन्हें पुलिस ने वहीं रोक लिया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भाजपा कार्यालय में कोई उपलब्ध नहीं है और इसलिए कांग्रेस प्रतिनिधियों को आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई. कांग्रेस नेताओं ने संयोगितागंज एसीपी को पौधे सौंप दिए और अनुरोध किया कि वे इन्हें भाजपा कार्यालय तक पहुंचा दें. कांग्रेस के कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे जिनमें देवेंद्र सिंह यादव, शेलू सेन, सुनील यादव, विकास जोशी, सन्नी राजपाल, गट्टू यादव, संजय अरोरा और सुनील चौहान शामिल थे.

रूबरू | **वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में**

मुफ्त योजनाओं ने जनता में संघर्ष का माद्दा ख़त्म कर दिया

इंदौर. वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक पंकज शर्मा ने कहा कि राशन योजना, लाड़ली बहना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, स्कूली बच्चों को भोजन जैसी मुफ्त की योजनाओं ने आम जनता में संघर्ष का माद्दा ख़त्म कर दिया है.

श्री शर्मा स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि एक दौर था जब देश में छोटे-मोटे मुद्दों पर भी जनता उद्वेलित हो जाती थी.

प्याज की कीमतों, महंगाई, बोफोर्स घोटाले जैसे मुद्दों पर सरकारें बदल दी गईं लेकिन अब जनता ने सड़क पर आकर विरोध जताना छोड़ दिया है. उन्होंने कहा कि इस हालात के लिए सरकार की मुफ्त योजनायें काफी हद तक जिम्मेदार हैं. जब जनता को बहुत कुछ मुफ्त में मिल रहा है तो वह संघर्ष क्यों करें? उन्होंने यह भी कहा कि सस्ता मोबाईल डाटा भी इन हालातों के लिए जिम्मेदार है. दुनिया में जापान के बाद भारत में सस्ता मोबाईल डाटा उपलब्ध है. आम जनता सोशल मीडिया पर ही सुख-दु:ख, विरोध, प्रतिक्रिया व्यक्त करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है. प्रारंभ में श्री शर्मा का

स्वागत अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, मोहनलाल मंत्री, रचना जौहरी, गोविन्द लाहोटी 'कुमार', संजय मेहता ने स्वागत एवं मीना राणा शाह और दीपक माहेश्वरी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया.

लोग उग्र हिन्दुवाद को पसंद नहीं कर रहे

श्री शर्मा ने कहा कि अब देश में वातावरण बदल रहा है. स्वयं बीजेपी और समाज के आम लोग उग्र हिन्दुवाद को पसंद नहीं कर रहे हैं. कावड़ यात्राओं में डीजे बजाने पर रोक इसी का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि सरकार ने देश भर के धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थलों में तब्दील कर दिया है. हर जगह दर्शन-पूजन के लिए महंगे शुल्क लगा दिए हैं. सरकार और बीजेपी मीडिया सेल ने ऐसा माहौल बना दिया है कि बीजेपी का विरोध अब हिन्दुओं का विरोध माना जाने लगा है.

मप्र में कांग्रेस का भविष्य अच्छा

एक प्रश्न के जवाब में राजनीतिक विश्लेषक श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में जितनी मेहनत के बावजूद राहुल गांधी को जिस जगह पर होना चाहिए था वहां नहीं हैं और इसकी वजह उनके आस-पास के लोग हैं जो सच्चाई और हालातों से उन्हें वाकिफ नहीं होने देते. ऐसे लोगों के चयन में राहुल गांधी कमजोर साबित हुए हैं. मध्यप्रदेश में कांग्रेस के भविष्य के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहकार ने कहा कि मध्यप्रदेश उन चंद राज्यों में शुमार है जहाँ अभी भी कांग्रेस के लिए अच्छा भविष्य है. मध्यप्रदेश में नेताओं की पुरानी पीढ़ी निवृत्त हो रही है. आने वाले चुनाव में अब यह नेता चेहरा नहीं होंगे.